हरिभूमि
# कोरबा भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार 1 मई 2026
[ दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा ]



## विकास की कई बड़ी योजनाओं को मिली मंजूरी

# कटघोरा नगर पालिका की सामान्य सभा में 78 करोड़ का बजट प्रस्तुत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

नगर पालिका परिषद के सभा कक्ष में सामान्य सभा की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए विस्तृत बजट प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया, जिसमें नगर के समग्र और संतुलित विकास को प्राथमिकता देते हुए कई अहम योजनाओं को शामिल किया गया है।

प्रस्तुत बजट में कुल 78 करोड़ रुपये के प्रावधान के साथ शहर के बुनियादी ढांचे, सौंदर्यीकरण और नागरिक सुविधाओं को सुदृढ़ करने पर विशेष जोर दिया गया है। बैठक में जिन प्रमुख योजनाओं को शामिल किया गया, उनमें हाईटेक बस स्टैंड का निर्माण, भगवान सहस्त्रबाहु की भव्य मूर्ति स्थापना एवं चौक का सौंदर्यीकरण प्रमुख हैं। इसके अलावा, शहर के प्रमुख मार्गों को विकसित करने के लिए गौरव पथ निर्माण की कई योजनाएं प्रस्तावित की गई हैं। इनमें कटघोरा-कोरबा रोड पर चिकित्सालय चौक से जेंजरा चौक तक, कटघोरा-अंबिकापुर रोड पर चिकित्सालय चौक से चकचकवा पहाड़ी तक, तथा कटघोरा-बिलासपुर रोड पर चिकित्सालय चौक से जटगा मोड़ तक गौरव पथ निर्माण कार्य शामिल हैं। नगर के वार्ड स्तर पर भी कई विकास योजनाओं को बजट में जगह दी गई है।


सम्मान करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष व पार्षद।

वार्ड क्रमांक 2 में गार्डन परिसर में स्विमिंग पूल निर्माण, वार्ड क्रमांक 12 में जुराली नागोई रोड से गदेली पारा तक सड़क निर्माण, तथा पूरे नगर के वार्ड क्रमांक 01 से 15 तक हाईमास्ट लाइट व्यवस्था सुनिश्चित करने का प्रस्ताव रखा गया है। साथ ही छत्तीसगढ़ महतारी की मूर्ति स्थापना भी इस बजट का एक विशेष आकर्षण है। बैठक के दौरान यह भी कहा गया कि नगर के सर्वांगीण विकास के लिए जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और नागरिकों के सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं, ताकि कटघोरा को छत्तीसगढ़ की एक आदर्श और समृद्ध नगरपालिका के रूप में स्थापित किया जा सके। इसी अवसर पर नगर पालिका परिवार के दो सम्मानित सदस्यों रमाचंद जायसवाल (उप राजस्व निरीक्षक) एवं श्रीमती सविता भाई (स्वच्छता कर्मी) के सेवानिवृत्त होने पर उनका विदाई समारोह भी आयोजित किया गया।

## पृष्ठ 1 का शेष

### बरपाली क्षेत्र में...


बोर्ड के अधिकारियों ने क्षेत्र का भ्रमण भी किया है और राजस्व विभाग के अधिकारियों से कालोनी निर्माण हेतु जमीन के क्षेत्र को लेकर पत्र व्यवहार भी शुरू कर दिया है। हाउसिंग बोर्ड के द्वारा अपनी ओर से शासन द्वारा मांगे गए प्रस्ताव के तारतम्य में सरगबुंदिया बरपाली में कालोनी बनाने की अपनी विस्तृत रिपोर्ट सौंप दी है। जिसकी स्वीकृति मिलने के बाद हाउसिंग बोर्ड की अगली कालोनी सरगबुंदिया बरपाली में तैयार होगी। **वन भूमि की क्षेत्र में कोई अड़चन नहीं:** सरगबुंदिया बरपाली क्षेत्र का चयन करने के पीछे उस क्षेत्र में वन भूमि जैसी कोई बड़ी अड़चन का सामना बोर्ड को नहीं करना पड़ेगा। सरगबुंदिया बरपाली क्षेत्र में छोटे बड़े झाड़ के जंगल की जमीन की भी कोई दिक्कत नहीं है। अधिकांश भूमि राजस्व और निजी है। इस दृष्टि से वन विभाग से एनओसी लेने जैसी कोई शासकीय बड़ी प्रक्रिया से भी बोर्ड को जूझना नहीं पड़ेगा। इसके साथ ही इस क्षेत्र में कुछ बिल्डर भी जमीन खरीदी कर कालोनी निर्माण की तैयारी कर रहे हैं।

### खदान में शार्ट...

घटना की सूचना मिलते ही एसईसीएल कुसमुंडा प्रबंधन के अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने बताया कि शुरुआती तौर पर आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट होने की बात कही है । मामले की विस्तृत तकनीकी जांच कराई जा रही है।










तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 1 मई 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4
अघोषित बिजली कटौती ने बढ़ाई परेशानी ग्रामीण क्षेत्रों में जनजीवन हुआ प्रभावित



## खबर संक्षेप

### जन शिकायतों के निराकरण हेतु आज से लगेंगे शिविर

**कोरबा।** कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देश पर जिले में आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं पारदर्शी निराकरण हेतु सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत व्यापक स्तर पर जनसमस्या निवारण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। राज्य शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप जनता को समयबद्ध सेवाएँ प्रदान करने और योजनाओं का लाभ सीधे पात्र हितग्राहियों तक पहुँचाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा कुल 37 शिविरों का विस्तृत कैलेंडर जारी किया गया है। संबंधित विभागों के अधिकारियों को क्लस्टर प्रभारी बनाते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

### धनरास में जनसमस्या निवारण शिविर आज

**कोरबा।** सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत उद्योग एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन के मुख्य आतिथ्य में 1 मई को विकासखंड कटघोरा के ग्राम धनरास में प्रातः 11 बजे से जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया है। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने सभी विभागीय अधिकारियों को शिविर में उपस्थित होने के निर्देश दिये हैं।

### रेडियोग्राफर संविदा पद पर भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित

**कोरबा।** कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला कोरबा के द्वारा जिला खनिज न्यास मद अंतर्गत रेडियोग्राफर के 6 पदों (अनारक्षित 2, अ.जा. 1, अ.पि.व. 1, अ.ज.जा. 2) पर भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया है। उक्त रिक्त संविदा पदों पर पात्र इच्छुक अभ्यर्थियों से 12 मई को शाम 5 बजे तक आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। उक्त विज्ञापन का विवरण कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला कोरबा के सूचना पटल एवं जिले के शासकीय वेबसाईट में उपलब्ध है।

### सहायक ग्रेड-3 की भर्ती हेतु पात्र-अपात्र की सूची जारी

**कोरबा।** कार्यालय कलेक्टर (महिला एवं बाल विकास विभाग) कोरबा द्वारा सीधी भर्ती सहायक ग्रेड-3 की नियुक्ति हेतु विज्ञापन जारी किया गया था, जिसमें निर्धारित तिथि व समय तक प्राप्त आवेदनों से पात्र-अपात्र सूची जारी कर दी गई है। सूची अनुसार अभ्यर्थी अपना दावा आपत्ति आवेदन/ अभ्यावेदन 4 से 18 मई तक कार्यालयीन समय सायं 5.30 बजे तक कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग जिला कोरबा में रजिस्टर्ड डाक/कुरियर अथवा स्वयं उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि एवं समय के उपरांत प्राप्त होने वाले अभ्यावेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

### संचालक मंडल सदस्यों के निर्वाचन हेतु कार्यक्रम जारी

**कोरबा।** प्रगतिशील बहुउद्देशीय सहकारी समिति मर्यादित हरदीबाजार पंजीयन क्रमांक 376 विकासखंड पाली जिला कोरबा के संचालक मंडल सदस्यों के निर्वाचन हेतु चुनाव कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। रिटर्निंग अधिकारी दीपक सिंह कंवर द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार नामांकन पत्र 8 मई को सुबह 11 बजे से अपरांह 3 बजे तक समिति कार्यालय में प्रस्तुत किये जायेंगे। सोसायटी की विशेष साधारण सम्मेलन में मतदान 14 मई को सुबह 11 बजे से अपरांह 3 बजे तक कराया जायेगा। मतदान समाप्ति के एक घंटे के बाद समिति कार्यालय में मतगणना की जायेगी। अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं अन्य प्रतिनिधियों के निर्वाचन की प्रक्रिया 19 मई को दोपहर 12 बजे से अपरान्ह 4 बजे तक समिति कार्यालय में संपन्न होगी। निर्वाचन कार्यक्रम से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए समिति के सूचना पटल का अवलोकन किया जा सकता है।

# हाउसिंग बोर्ड बरपाली क्षेत्र में कालोनी के लिए तलाश रहा जमीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

शहर में हाउसिंग बोर्ड को अपने कालोनी प्रोजेक्ट के लिए अब जमीन मिलना बंद हो गया है। अपनी नई विस्तार योजना के तहत बोर्ड अब ग्रामीण अंचलों में जमीन तलाशने के कार्य में जुट गया है। इसी तारतम्य में सरगबुंदिया, बरपाली क्षेत्र में हाउसिंग बोर्ड अपनी नई कालोनी के लिए जमीन की तलाश कर रहा है।

हाउसिंग बोर्ड के 370 आवास वाली कालोनी होम गार्ड कार्यालय के पीछे तैयार होगी। इसकी बुकिंग भी शुरू हो गई है। शहर में हाउसिंग बोर्ड की संभवतः यह निर्माण होने वाली अंतिम कालोनी होगी। शहरी क्षेत्र में जमीन की कमी होने की वजह से अब हाउसिंग बोर्ड उन ग्रामीण अंचलों की ओर अपनी विस्तार योजना पर काम करना शुरू किया है, जो रेल और सड़क मार्ग से जुड़े हुए हैं। इस मामले में सरगबुंदिया बरपाली का क्षेत्र हाउसिंग बोर्ड के अधिकारियों ने प्राथमिकता से चयन किया है। इसके लिए जमीन चयन के काम में जुट गए हैं। ⏭ शेष पेज 2 पर

### नए प्रोजेक्ट के लिए बोर्ड को शहर में नहीं मिली जमीन

**खास बात**

- उरगा क्षेत्र में रेलवे के निवेश को देखकर नई योजना की तैयारी



**प्रस्ताव तैयार हुआ**

सरगबुंदिया बरपाली क्षेत्र में हाउसिंग बोर्ड द्वारा कालोनी निर्माण का प्रस्ताव तैयार हुआ है। मुख्यालय के द्वारा इसकी जानकारी मांगी गई है। जिसका प्रस्ताव बनाकर भेज दिया गया है। जमीन की स्वीकृति के बाद ही काम आगे बढ़ेगा।
-योगेश कुमार पटेल,
ईई, हाउसिंग बोर्ड कोरबा

### एनएचआई सड़क और रेल कनेक्टिविटी बढ़ी

उरगा, सरगबुंदिया, बरपाली क्षेत्र में एनएचआई की फोरलेन सड़क के साथ रेलवे की चौथी लाइन बिछाई गई है। उरगा से लेकर बालपुर तक क्षेत्र में रेलवे के द्वारा स्टेशनों के विस्तार और सुविधाएं बढ़ाने में एक बड़ी राशि खर्च की जा रही है। इस क्षेत्र के निवासियों को रेल कनेक्टिविटी के साथ एनएचआई सड़क की भी बड़ी सुविधा मिली है। क्षेत्र से भारत माला सड़क भी गुजर रही है। रेल और एनएच सड़क की कनेक्टिविटी को देखते हुए भी बोर्ड ने यह योजना तैयार की है। जहां से कोरबा शहर, चांपा व बिलासपुर के लिए भी आवागमन सुलभ हो सकेगा।

### बीसीसीएल व सीसीएल ने डुबोई लुटिया, एसईसीएल और एनसीएल ने संभाली कमान

# कोल इंडिया के मुनाफे पर लगा ग्रहण, 12 प्रतिशत गिरा नेट प्रॉफिट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोल इंडिया लिमिटेड के लिए वित्त वर्ष 2025-26 वित्तीय मोर्चे पर मुश्किलों भरा रहा है। कंपनी द्वारा जारी ताजा आंकड़ों के अनुसार समेकित शुद्ध लाभ में लगभग 12 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। जहां पिछले वित्त वर्ष में कंपनी ने 35,450 करोड़ रुपये का शानदार लाभ अर्जित किया था वहीं इस साल यह घटकर 31,071 करोड़ रुपये पर सिमट गया है।

इस गिरावट का सबसे बड़ा कारण कोल इंडिया की प्रमुख सहायक कंपनियों, विशेषकर बीसीसीएल, इसीएल और सीसीएल के परिचालन प्रदर्शन में आई कमी को माना जा रहा है। झारखंड और पश्चिम बंगाल की कोयला खदानों का संचालन करने वाली सहायक कंपनियों के नतीजे काफी निराशाजनक रहे हैं। सबसे बुरा हाल ईसीएल का रहा, जो पिछले साल 236 करोड़ रुपये के मुनाफे में थी, लेकिन इस साल सीधे 966 करोड़ रुपये के भारी घाटे में जा गिरी। वहीं धनबाद मुख्यालय वाली बीसीसीएल का मुनाफा भी 1,240 करोड़ रुपये से सिमटकर महज 128 करोड़ रुपये रह गया है, जो करीब 90 प्रतिशत की ऐतिहासिक गिरावट को दर्शाता है। रांची स्थित सीसीएल ने भी 27 प्रतिशत की गिरावट के साथ 2,967 करोड़ रुपये का मुनाफा दर्ज किया है। तमाम गिरावटों के बीच एनसीएल ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए 10,657 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया, जो पिछले साल के मुकाबले 11 प्रतिशत अधिक है। वहीं एसइसीएल भी 5 प्रतिशत की बढ़त के साथ 4,755 करोड़ रुपये के लाभ में रही। एमसीएल ने भी 10,698 करोड़ रुपये का बड़ा मुनाफा दर्ज कर ग्रुप को सहारा दिया।



फाइल फोटो

### खर्चों के मोर्चे पर बढ़ता दबाव

कोल इंडिया के मुनाफे पर केवल उत्पादन ही नहीं, बल्कि बढ़ते खर्चों ने भी कैंची चलाई है। कंपनी का कुल वार्षिक खर्च 1,31,948 करोड़ रुपये से बढ़कर 1,38,511 करोड़ रुपये (5 प्रतिशत वृद्धि) हो गया है। इसमें सबसे चिंताजनक पहलू वित्तीय लागत है, जिसमें 38 प्रतिशत का भारी उछाल देखा गया और यह 1,216 करोड़ रुपये तक पहुंच गई। इसके अलावा कर्मचारी लाभ व्यय में 4 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई जो 46,425 करोड़ रुपये रही।

# खदान में शॉर्ट सर्किट से डम्पर में लगी आग, ड्राइवर ने कूदकर बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल कुसमुंडा परियोजना के गोदावरी फेंस में बुधवार की देर रात एक चलती 100 टन क्षमता वाली डम्फर में आग लग गई। कोयला परिवहन कर रही इस डम्फर में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी। पीछे चल रही दूसरी गाड़ी के ड्राइवर की सतर्कता से डम्फर ड्राइवर ने कूदकर अपनी जान बचाई।

**खास बात**

- एसईसीएल कुसमुंडा परियोजना के गोदावरी फेस का मामला

घटना बुधवार रात करीब 11:30 बजे कुसमुंडा खदान के गोदावरी फेंस एरिया में हुई। एसईसीएल की 100 टन डम्फर कोयला लेकर जा रही थी, तभी अचानक उसके इंजन से धुआं उठने लगा। पीछे चल रहे दूसरे डम्फर के ड्राइवर ने आग देखकर हॉर्न बजाकर आगे वाले ड्राइवर को सतर्क किया। कुछ ही सेकंड में आग की लपटें निकलने लगीं। दमकल आते तक गाड़ी का एक हिस्सा जल कर खाक बताए जाने पर डम्फर ड्राइवर ने तुरंत गाड़ी को साइड में खड़ा किया और कूदकर बाहर निकल आया। इसके तुरंत बाद पूरी डम्फर आग की चपेट में आ गई। खदान में काम कर रहे कर्मचारियों ने तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी। दमकल के पहुंचने तक डम्फर का एक बड़ा हिस्सा जलकर खाक हो चुका था। लगभग एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया गया। खदान में पहले भी हुई है इसी घटनाएं कुसमुंडा खदान में डम्फर में आग लगने की यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी कई बार शॉर्ट सर्किट और तकनीकी खराबी के कारण एसईसीएल के भारी वाहनों में आग लगने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। खदान कर्मियों का आरोप है कि वाहनों का नियमित रखरखाव न होने और पुराने डम्फरों के इस्तेमाल से ऐसे हादसे हो रहे हैं। मौके पर पहुंचे अधिकारी ⏭ शेष पेज 2 पर

# सीवीओ हिमांशु जैन ने संभाला एमसीएल का अतिरिक्त प्रभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

भारतीय रेलवे सेवा 2007 बैच के अधिकारी हिमांशु जैन ने महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड में मुख्य सतर्कता अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार ग्रहण किया है। वर्तमान में वे एसईसीएल में सीवीओ के रूप में कार्यरत हैं तथा इससे पूर्व उन्होंने नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के सीवीओ का भी अतिरिक्त पदभार सम्हाला है ।

श्री जैन ने एनआईटी रायपुर से इलेक्ट्रॉनिक्स एवं दूरसंचार अभियांत्रिकी में स्वर्ण पदक के साथ स्नातक तथा आईआईटी बॉम्बे से एमटेक की उपाधि प्राप्त की है। उन्होंने वर्ष 2007 में संघ लोक सेवा आयोग की इंजीनियरिंग सेवा परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 9 प्राप्त कर भारतीय रेलवे सेवा में प्रवेश किया। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने रेलवे के महत्वपूर्ण अवसंरचना एवं सिग्नलिंग परियोजनाओं का सफल नेतृत्व किया है। इसके अतिरिक्त वे भारतीय रेल में उप-महाप्रबंधक , मुख्य जनसंपर्क अधिकारी तथा महाप्रबंधक के सचिव जैसे महत्वपूर्ण पदों पर कार्य कर चुके हैं।



### मिल चुके हैं अनेक सम्मान

श्री जैन को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए अनेक प्रतिष्ठित सम्मानों से नवाजा गया है, जिनमें राष्ट्रीय रेलवे पुरस्कार (2016), नेशनल एकेडमी ऑफ इंडियन रेलवे का महानिदेशक पदक (2019) तथा महाप्रबंधक पुरस्कार (2012 एवं 2022) शामिल हैं। श्री जैन डीजीकोल पहल के माध्यम से पारदर्शिता एवं डिजिटल निगरानी को सुदृढ़ करने के प्रति प्रतिबद्ध हैं, जिसे केंद्रीय सतर्कता आयोग की राष्ट्रीय कार्यशाला में भी प्रस्तुत किया जा चुका है।

### प्रशिक्षण में पर सहायक शिक्षक निलंबित

**कोरबा।** जनगणना 2027 के अंतर्गत 19 अप्रैल को तहसील पाली में आयोजित प्रशिक्षण के दौरान गंभीर अनुशासनहीनता के मामले में सहायक शिक्षक एल.बी. श्री अश्वनी रात्रे को निलंबित कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार, प्रा.शा. दर्रीमुड़ा (चैतमा), तहसील पाली, जिला कोरबा में पदस्थ सहायक शिक्षक एल.बी. अश्वनी रात्रे प्रशिक्षण सत्र के दौरान शराब के सेवन की स्थिति में उपस्थित पाए गए, जिसके कारण प्रशिक्षण की कार्यवाही बाधित हुई। उनका यह कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम के विपरीत है तथा जनगणना अधिनियम के प्रावधानों का भी उल्लंघन है। उक्त कृत्य की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए तथा छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम के तहत अश्वनी रात्रे, सहायक शिक्षक एल.बी., प्रा. शा. दर्रीमुड़ा (चैतमा), तहसील पाली, जिला कोरबा को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि के दौरान उनका मुख्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी, पाली, जिला कोरबा निर्धारित किया गया है तथा उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता प्राप्त होगा।

# अधिवक्ता के घर चोरी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार, सोने के जेवरात व नगदी बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

आखिरकार एक साल बाद कटघोरा पुलिस ने अधिवक्ता राकेश पाण्डेय के घर हुई लाखों की चोरी की वारदात का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने इस मामले में शामिल मुख्य दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। जिनके पास से सोने के जेवरात व नगदी रकम बरामद किया है। वहीं चोरी में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

**खास बात**

- चोरी के एक साल बाद हुआ मामले का खुलासा

जानकारी के अनुसार कटघोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत पुरानी बस्ती निवासी अधिवक्ता राकेश पांडे के घर 19 अप्रैल को चोरी की घटना सामने आई थी। घटना के समय अधिवक्ता अपने परिवार के साथ बाहर गए हुए थे, जिसका फायदा उठाते हुए अज्ञात आरोपियों ने घर का ताला तोड़ दिया। इसके बाद आरोपियों ने आलमारी में रखे लगभग 10 तोला सोने के जेवरात, जिनमें रानी हार सेट, दो जोड़ी झुमके, एक सोने की चैन, दो चांदी की पायल के साथ करीब 50 हजार रुपये नगद और एक मोटरसाइकिल चोरी कर फरार हो गए थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीतीश ठाकुर एवं एसडीओपी विजय सिंह राजपूत के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी ने विशेष टीम गठित कर जांच शुरू की। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर तंत्र के माध्यम से लगातार आरोपियों की तलाश जारी रखी। जांच के दौरान मिली पुख्ता सूचना के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर दो आरोपियों अमित खांडे एवं गौतम कुमार को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में दोनों ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर चोरी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया। उन्होंने बताया कि चोरी किए गए जेवरातों को बेच दिया गया था, जिसे पुलिस ने बरामद कर लिया है। साथ ही नकद राशि भी जब्त कर ली गई है। इस चोरी की वारदात को सफलतापूर्वक सुलझाने में एसआई राजेन्द्र प्रताप सिंह, एसआई राम पांडेय, प्रधान आरक्षक गोपाल यादव की अहम भूमिका रही। पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। वहीं इस वारदात में शामिल अन्य फरार आरोपियों की तलाश के लिए लगातार दबिश दी जा रही है। कटघोरा पुलिस ने इस कार्रवाई को बड़ी सफलता बताते हुए कहा कि क्षेत्र में अपराधों पर नियंत्रण के लिए लगातार सघन अभियान चलाया जा रहा है और ऐसे मामलों में आरोपियों को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा।


पुलिस गिरफ़्त आरोपी व जप्त मशरुका।

### कानून व्यवस्था और लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण हेतु समीक्षा मीटिंग का आयोजन

# आईजी ने ली रेंज की समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर रेंज राम गोपाल गर्ग के द्वारा जिले के वरि. पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षकों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक ली गई। समीक्षा मीटिंग का आयोजन रेंज स्तरीय पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय में किया गया। समीक्षा मीटिंग में शशि मोहन सिंह, उमनि. एवं वरि. पुलिस अधीक्षक, जिला रायगढ़, भोजराम पटेल, वरि. पुलिस अधीक्षक मुंगेली, मनोज खिलारी, पुलिस अधीक्षक, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही, सिद्धार्थ तिवारी, पुलिस अधीक्षक जिला कोरबा, प्रफुल्ल ठाकुर पुलिस अधीक्षक जिला सक्ती, आंजनेय वार्ष्णेय, पुलिस अधीक्षक, जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़, सुश्री निवेदिता पॉल, पुलिस अधीक्षक, जिला जॉजगीर-चाम्पा, श्रीमती मधुलिका सिंह, अति. पुलिस अधीक्षक, जिला बिलासपुर, विवेक शर्मा, उप पुलिस अधीक्षक, पु.म.नि. कार्या. बिलासपुर उपस्थित रहें। श्री गर्ग पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर रेंज के द्वारा बैठक में कानून व्यवस्था और लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण हेतु निम्नलिखित प्रमुख निर्देश दिए गए। सुशासन तिहार 1 मई से 10 जून तक शासन के निर्देशानुसार सुशासन तिहार के दौरान प्राप्त होने वाली शिकायतों का सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर निराकरण करने के निर्देश दिए गए हैं।


बैठक में जानकारी लेते आईजी।



## खबर संक्षेप

### श्रमिक दिवस एवं भगवान बुद्ध जयंती का आयोजन आज

**कोरबा।** 1 मई श्रमिक दिवस कार्यक्रम ग्राम रोगबहरी बालको में समाजसेवक पार्षद नरेंद्र देवांगन मुख्य अतिथि होंगे। सिद्धार्थ लोककल्याण समिति मूलनिवासी मुक्ति मोर्चा के संयुक्त तत्वावधान में 1 मई को प्रातः 11 बजे से श्रमिक दिवस एवं भगवान बुद्ध जयंती का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कोरबा के पार्षद नरेंद्र देवांगन होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व उपसरपंच धर्मिन बाई गाडा करेंगी तथा संचालन मूलनिवासी मुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष गोपाल ऋषिकर भारती करेंगे। कार्यक्रम में विशेष अतिथियों में सांसद प्रतिनिधि महेंद्र थवाईत, मोर्चा संयोजक क्रांति कुमार साव, जिला उपाध्यक्ष प्यारेदास महंत, बालको अध्यक्ष शीतला साहू, क्षेत्र के जनपद सदस्य, सरपंच तथा अनेकों जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम को सफल बनाने रोगबहरी की अध्यक्ष चंद्रिका बाई गाडा, जिला संगठन सचिव हृदेश जांगड़े, प्रचार सचिव अंजली तिवारी, केंद्रीय मीरा पोर्ते, नीलम जांगड़े, रुक्मनि शहीस राधिका पटेल, कौशल्या लदेर, अंजली जांगड़े लता जांगड़े ने अपील किए कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

### प्रयास आवासीय विद्यालयों में कक्षा 9वीं प्रवेश परीक्षा हेतु तिथि की घोषणा

**कोरबा।** राज्य के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को कक्षा 9वीं से 12वीं तक उत्कृष्ट शिक्षा तथा मेडिकल, इंजीनियरिंग, सीए, सीएस, सीएमए, क्लैट एवं एनडीए जैसी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं की सघन तैयारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत प्रयास आवासीय विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं। कार्यालय आयुक्त, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, रायपुर द्वारा प्रयास आवासीय विद्यालयों में कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु वर्ष 2026-27 की प्रवेश परीक्षा की तिथि, समय एवं प्रवेश पत्र डाउनलोड करने की समय-सारणी जारी की गई है। प्रवेश पत्र डाउनलोड करने की तिथि 1 मई से 10 मई प्रातः 9.30 बजे तक निर्धारित की गई है। प्रवेश पत्र पोर्टल से डाउनलोड किए जा सकेंगे। यदि विद्यार्थियों को प्रवेश पत्र डाउनलोड करने में किसी प्रकार की समस्या आती है, तो वे निकटस्थ एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, प्रयास आवासीय विद्यालय या जिला कार्यालय, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास, कोरबा से संपर्क कर सकते हैं। प्रवेश पत्र डाउनलोड करने हेतु आवेदन क्रमांक एवं मोबाइल नंबर अनिवार्य रूप से दर्ज करना होगा।

### छुरीकला के सार्थक का युविका में हुआ चयन




**कोरबा।** पीएम श्री एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय छुरीकला के लिए यह अत्यंत गौरव का क्षण है, जब कक्षा 10वीं के छात्र सार्थक तंवर का चयन प्रतिष्ठित युविका-युवा विज्ञानी कार्यक्रम हेतु हुआ। इस उपलब्धि पर कोरबा कलेक्टर कुणाल दुदावत ने उन्हें सम्मानित किया। कलेक्टर श्री दुदावत ने अपने संदेश में कहा कि छात्र सार्थक तंवर का चयन जिले के लिए गर्व का विषय है। उनका यह कदम अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा। सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र जैसे प्रतिष्ठित स्थल पर जाना किसी भी छात्र के लिए अत्यंत गौरव की बात है। मैं आशा करता हूँ कि सार्थक भविष्य में अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँगे। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन द्वारा प्रारंभ किया गया युविका - युवा विज्ञानी कार्यक्रम कक्षा 9वीं के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को अंतरिक्ष विज्ञान की गहन जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से संचालित किया जाता है। कार्यक्रम का लक्ष्य युवाओं में विज्ञान एवं तकनीक के प्रति रुचि बढ़ाना और उन्हें भविष्य के वैज्ञानिक एवं अभियंता के रूप में तैयार करना है। इसी क्रम में सार्थक तंवर का चयन श्री हरिकोटा (आंध्र प्रदेश) स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र में आयोजित होने वाले 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए किया गया है। यह प्रशिक्षण 10 से 22 मई तक चलेगा।

# कोलइंडिया के यूनिफॉर्म ड्रेस कोड में बदलाव को मिली मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोल इंडिया के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की 490वीं बैठक में कर्मचारियों के यूनिफॉर्म ड्रेस कोड योजना में अहम बदलावों को मंजूरी दी गयी। यह संशोधन तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। मंगलवार को कंपनी की ओर से जारी आदेश के अनुसार कर्मचारियों को हर साल 12 हजार 500 रुपये का एडवांस यूनिफॉर्म खरीदने के लिए मिलेगा। इस राशि से कर्मचारी तीन या उससे अधिक जोड़ी यूनिफॉर्म खरीद सकेंगे। सबसे बड़ा बदलाव जीएसटी बिल जमा करने की समय सीमा को लेकर किया गया है। पहले कर्मचारियों को एडवांस मिलने के एक माह के अंदर बिल जमा करना होता था, जिसे अब बढ़ाकर दो माह कर दिया गया है। तय समय

**12 हजार 5 सौ रुपए एडवांस मिलेगा कर्मियों को**

**खास बात**

- सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को 50 प्रतिशत राहत देने का हटाया गया प्रावधान




सीमा पर बिल जमा नहीं करने पर एडवांस राशि वेतन या अन्य देयों से वसूली जायेगी। वहीं सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों के लिए भी स्पष्ट नियम तय किये गये हैं। उन्हें एडवांस लेने के बाद दो माह के भीतर या अंतिम वेतन से पहले (जो पहले हो) बिल जमा करना अनिवार्य होगा। ऐसा नहीं करने पर राशि उनकी अंतिम सैलरी से काट ली जायेगी। कंपनी ने यह भी स्पष्ट किया है कि यूनिफॉर्म का विवरण और मात्रा संशोधित एनेक्सचर-ए के अनुसार लागू होगा। जिन कर्मचारियों की सेवा अवधि छह माह से कम बची है, उन्हें 50 प्रतिशत राशि देने का प्रावधान अब हटा दिया गया है। ज्ञात हो कि पुरुष कर्मचारियों के लिए ग्रे शर्ट और ब्लैक पैंट जबकि महिला कर्मियों के लिए ग्रे/मैरून रंग में अलग-अलग विकल्प तय किये गये हैं।

## भीषण गर्मी के दौरान भी बिजली की आंखमिचौली जारी

# अघोषित बिजली कटौती ने बढ़ाई परेशानी ग्रामीण क्षेत्रों में जनजीवन हुआ प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों अघोषित बिजली कटौती ने आम जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। एक ओर तापमान लगातार बढ़ रहा है,

**खास बात**

- बिजली गुल होने के बाद मरम्मत में लग रहे कई घंटे

वहीं दूसरी ओर बार-बार हो रही बिजली गुल होने की समस्या ने लोगों की परेशानी कई गुना बढ़ा दी है। दिन में तेज धूप और उमस भरी गर्मी के बीच बिजली का घंटों गुल रहना ग्रामीणों के लिए बड़ी समस्या बन गया है।

गांवों में बिजली व्यवस्था चरमराई हुई है। कई स्थानों पर बिना किसी पूर्व सूचना के बिजली कटौती की जा रही है। कहीं 2 से 3 घंटे तक लगातार बिजली बंद रहने की शिकायतें सामने आ रही हैं। इससे न केवल घरों में रहने वाले लोगों को दिक्कत हो रही है, बल्कि किसानों, छोटे व्यापारियों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।


फाइल फोटो

ग्रामीणों का कहना है कि बिजली न विभाग द्वारा न तो कोई निश्चित समय तय न किया गया है और न ही कटौती की पूर्व सूचना दी जाती है। इससे दैनिक कार्यों की योजना बनाना मुश्किल हो गया है। रात के समय भी बिजली कटने से लोगों की नींद प्रभावित हो रही है, जिससे स्वास्थ्य पर भी असर पड़ रहा है। किसान वर्ग भी इस समस्या से अछूता नहीं है। सिंचाई के लिए निर्भर रहने वाली विद्युत आपूर्ति बाधित होने से खेतों में पानी देना कठिन हो गया है। वहीं छोटे दुकानदारों और व्यवसायियों को भी नुकसान उठाना पड़ रहा है, क्योंकि बिजली के बिना उनका कामकाज प्रभावित हो रहा है। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि बिजली कटौती यदि आवश्यक है तो उसका एक निर्धारित समय तय किया जाए और इसकी पूर्व सूचना दी जाए, ताकि लोग अपने काम उसी अनुसार व्यवस्थित कर सकें। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली व्यवस्था को मजबूत करने और ट्रांसफार्मर व लाइन की नियमित जांच की भी आवश्यकता जताई गई है। भीषण गर्मी के इस दौर में बिजली की अनियमित आपूर्ति ने ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। अब देखना होगा कि संबंधित विभाग इस समस्या को कितनी गंभीरता से लेते हुए जल्द राहत प्रदान करता है।

**सीएसईबी कालोनी व पोड़ीबहार में भी बिजली गुल की समस्या**

शहर के सीएसईबी कालोनी व पोड़ीबहार में भी गुरुवार को दिन भर बिजली की आंखमिचोली जारी रही। एक ओर जहां विद्युत कंपनी के आवासीय कालोनी में सुबह से बिजली गुल होने से बिजली कर्मियों व उनके परिजनों को समस्या का सामना करना पड़ा वहीं दूसरी ओर पोड़ीबहार में भी सुबह से बिजली गुल होने की समस्या जारी रही। दिन भर में लगभग 4 - 5 बार बिजली का आना जाना लगा रहा जिसकी वजह से लोगों को भारी गर्मी में परेशानियों का सामना करना पड़ा। इस संबंध में जब पाड़ीमार जोन के एई श्री जोशी से जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया कि तार टूटने की वजह से खरमोरा स्थित 33 केवी सब स्टेशन में चेंजओवर किया जा रहा था। जिसकी वजह से कुछ समय के लिए बिजली आपूर्ति बंद की गई थी।

# महिला सुरक्षा, नशे के दुष्परिणाम के संबंध में जागरूक करने चलित थाना का हुआ आयोजन


ग्रामीणों को जानकारी देती पुलिस।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सजग कोरबा, सतर्क कोरबा अभियान के तहत थाना करतला पुलिस द्वारा ग्राम कुदमुरा में चलित थाना कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में लगभग 70 ग्रामीण, ग्राम रक्षा दल सदस्य, कोटवार, समाज प्रमुख एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। थाना प्रभारी द्वारा ग्रामीणों को साइबर अपराध, महिला सुरक्षा, नशे के दुष्परिणाम एवं अन्य अपराधों के संबंध में जागरूक किया गया। जिले में अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण एवं अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कोरबा सिद्धार्थ तिवारी द्वारा दिए गए निर्देशों के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस के मार्गदर्शन में थाना/चौकी स्तर पर लगातार कार्यवाही की जा रही है।

इसी क्रम में सजग कोरबा सतर्क कोरबा अभियान के तहत थाना करतला पुलिस द्वारा ग्राम कुदमुरा में चलित थाना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लगभग 70 महिला-पुरुष, ग्राम रक्षा दल के सदस्य, कोटवार, समाज प्रमुख एवं ग्राम के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। चलित थाना कार्यक्रम के दौरान थाना प्रभारी द्वारा ग्रामीणों की समस्याएं एवं शिकायतें सुनी गईं, किंतु ग्रामवासियों द्वारा किसी भी प्रकार की शिकायत दर्ज नहीं कराई गई। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित ग्रामीणों को साइबर अपराध, महिला संबंधी अपराध, नशे के दुष्परिणाम एवं अन्य आपराधिक गतिविधियों के संबंध में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया गया। साथ ही लोगों से अपील की गई कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि अथवा अपराध की सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि समय रहते प्रभावी कार्यवाही की जा सके। कोरबा पुलिस द्वारा आमजन की सुरक्षा, जनजागरूकता एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु इस प्रकार के चलित थाना एवं जनसंपर्क कार्यक्रम लगातार संचालित किए जा रहे हैं।

# बोर्ड परीक्षा परिणाम में शासकीय स्कूलों के छात्रों का बजा डंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा बुधवार को घोषित किए गए हाई स्कूल, हायर सेकेंडरी परीक्षा परिणाम में जिले के टॉप टेन सूची में 20 स्कूलों के छात्रों ने स्थान बनाया है। इनमें 14 शासकीय स्कूल के छात्र शामिल हैं। उसमें भी ग्रामीण क्षेत्रों के शासकीय स्कूलों के छात्रों की संख्या ज्यादा है।

**खास बातें**

- निजी स्कूलों के परीक्षार्थियों की संख्या रही कम
- 10वीं-12वीं दोनों कक्षाओं के 20 स्कूलों में 14 शासकीय स्कूल के छात्र

बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम में पहली बार ऐसा देखने को मिला है जब शासकीय स्कूलों के छात्र सर्वोच्च अंकों के साथ इतनी अधिक संख्या में जिले की टॉप टेन सूची में निजी स्कूलों की अपेक्षा अपना डंका बजाया है। कुल 20 स्कूलों के छात्रों ने जिले की टीप टेन सूची में स्थान बनाया। जिसमें 14 शासकीय स्कूल के छात्र शामिल हैं। उसमें भी ग्रामीण क्षेत्रों के छात्रों की संख्या ज्यादा है। भैसमा, ढेलवाडीह, गोढ़ी, मोरगा, लाफा, लैंगी और पसान जैसे दूरस्थ क्षेत्रों के स्कूल के छात्र शामिल हैं। आत्मानंद स्कूलों के छात्रों ने भी परीक्षा परिणाम में दमदार उपस्थिति दर्ज कराई है। पहली बार स्थिति यह हुई है कि शहरी क्षेत्र के स्कूलों के छात्र जिले की टाप टेन सूची से भी पिछड़ गए हैं। इसके पीछे कारणों की वजह निजी स्कूल के शिक्षक तलाश में जुट गए हैं। निजी स्कूल प्रबंधन भी परीक्षा परिणाम की समीक्षा कर रहा है।

**वंशिका ने 92 प्रतिशत अंक हासिल कर बढ़ाया स्कूल का मान**



बीकन इंग्लिश मीडियम स्कूल एसईसीएल कोरबा की छात्रा वंशिका शर्मा ने 12वीं कॉमर्स परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए 92 प्रतिशत अंक अर्जित किए हैं। इस उत्कृष्ट सफलता के साथ उन्होंने विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्कूल एवं क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। अमरैय्यापारा निवासी वंशिका शर्मा, पिता लक्ष्मण शर्मा, शुरू से ही मेधावी छात्रा रही हैं।

**साडा कन्या स्कूल का परीक्षा परिणाम**

कक्षा 12वीं विज्ञान संकाय में साडा कन्या स्कूल ने जिले की टॉप टेन सूची में स्थान बनाने वाली सरस्वती चंद्रा ने 500 में 466 अंक लेकर 93.20 प्रतिशत से उत्तीर्ण हुई है। इसी तरह परी केशरी विज्ञान विषय लेकर 500 में 446 अंक लेकर 89.20 अंक प्राप्त किए हैं। वहीं योगिता कर्ष कला संकाय में 87 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। इसी तरह 10वीं कक्षा में नीति श्रीवास्तव 91.33 प्रतिशत एवं ईशा राठौर 91 प्रतिशत, निधी धोबी ने 90.33 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए हैं।

**जय भारत स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ट**



कटघोरा। त्रिलोकी एजुकेशन सोसायटी द्वारा संचालित जय भारत इ. मी. हा. से. स्कूल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। कक्षा 10वीं की निशी साहू 94.33 प्रतिशत एवं कक्षा 12वीं की श्रुति शर्मा ने 95.4 प्रतिशत प्राप्त कर कोरबा जिले भर में टॉप-10 में जगह बनायी है। कक्षा 10वीं में प्रथम श्रेणी में 32 छात्र रहे तो कक्षा 12वीं में प्रथम श्रेणी में 15 छात्र रहे। जय भारत स्कूल के डायरेक्टर आशुतोष अग्रवाल एवं प्राचार्य बिकास रंजन प्रधान ने उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम पर सभी छात्र-छात्राओं को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामना दिया। साथ ही विद्यालय के कर्तव्य निष्ठ शिक्षकों को बधाई दी।

# लायंस क्लब विद्युत नगर के विनोद बने अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ जमनीपाली

लायंस क्लब कोरबा विद्युत नगर की कोर कमेटी की बैठक जमनीपाली में हुई। जिसमें वर्ष 2026 - 27 के लिए नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। लॉयन विनोद अग्रवाल छुरी वाले को नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है जबकि लॉयन दिलीप सेठ को पुनः सचिव और लॉयन बी एम दुबे को पुनः कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। लायंस क्लब कोरबा विद्युत नगर के निर्वाचन समिति के अध्यक्ष राजेन्द्र तिवारी ने बताया कि बैठक में पदाधिकारियों के मनोनयन के साथ आने वाले कार्यकाल की सेवा योजनाओं पर भी चर्चा की गई।

नव नियुक्त अध्यक्ष विनोद अग्रवाल ने कहा कि वर्ष 2026-27 के कार्यकाल में अपना लायंस क्लब सेवा कार्यों के नए आयाम स्थापिता करेगा और क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं सहित सामाजिक सेवाओं के लिए निरंतर सक्रिय रहेगा। बैठक में बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स लॉयन व्ही के गुप्ता एवं लॉयन भरत अग्रवाल के मार्गदर्शन में आगामी 2026-27 के विभिन्न सेवा कार्यों के कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार किया गया और गत वर्ष 2025-26 के सेवा कार्यों पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर लायंस क्लब कोरबा विद्युत नगर के अध्यक्ष लायन दशरथ शर्मा लॉयन, अनुराधा तिवारी, लॉयन बाबुल दत्ता, लॉयन अजय राठौर सहित उपस्थितजनों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि इनके नेतृत्व में लायंस क्लब कोरबा विद्युत नगर नई ऊंचाईयों को प्राप्त करेगा तथा सेवा की नई मिशाल स्थापित करेगा। नवनियुक्त अध्यक्ष विनोद अग्रवाल ने कोरबा में डिस्ट्रिक कान्फ्रेंस जो 9 और 10 मई को आयोजित में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने आग्रह किया है।


विनोद अग्रवाल

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

## राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष ने विभागीय अधिकारियों की ली बैठक

# आंतरिक शिकायत समितियों को सक्रिय करें सभी विभाग : विजया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती विजया रहाटकर ने जिले के विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर सभी विभागों को महिलाओं के प्रति होने वाले अपराधों की रोकथाम के लिए सख्त एवं प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागों में आंतरिक शिकायत समिति गठित करने, उन्हें सक्रिय रूप से संचालित करने तथा उनकी वार्षिक रिपोर्ट स्थानीय समिति को प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि पुलिस और प्रशासन के समन्वय से ही महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण संभव है। उन्होंने कार्यस्थलों पर महिलाओं के लिए सुरक्षित एवं सकारात्मक वातावरण सुनिश्चित करने, महिलाओं से संबंधित शिकायतों की सुनवाई कर उनकी निष्पक्ष जाँच करने तथा दोषियों पर कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कम उम्र की बच्चियों से संबंधित अपराधों में पॉक्सो एक्ट के तहत त्वरित कार्रवाई, छेड़छाड़ एवं घरेलू हिंसा की शिकायतों पर तत्काल एफआईआर दर्ज करने, दहेज उत्पीड़न, लैंगिक शोषण, अंधविश्वास एवं टोना-टोटका से जुड़ी प्रताड़ना के मामलों में कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही 10 से अधिक कर्मचारियों वाले गैर-सरकारी संस्थानों, दुकानों एवं अन्य कार्यस्थलों में भी आंतरिक शिकायत समितियाँ गठित कर उन्हें सक्रिय रखने पर बल दिया। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में उन्होंने विभागीय योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को प्राप्त हो रहे लाभ और सशक्तिकरण की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, महतारी वंदन योजना और रोजगार सृजन से संबंधित कार्यों की विस्तृत जानकारी लेते हुए महिलाओं को इन योजनाओं से अधिकाधिक लाभान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न अपराधों एवं शिकायतों पर पुलिस द्वारा की जा रही कार्रवाइयों की समीक्षा की और कई महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। आयोग की अध्यक्षा ने सभी विभागों को दो माह के भीतर आंतरिक शिकायत समिति गठित कर सक्रिय रूप से संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने मनरेगा, स्वयं सहायता समूह सहित अन्य प्रमुख कार्यस्थलों में भी समितियाँ स्थापित कर महिलाओं को जागरूक करने हेतु बैनर, पोस्टर एवं अन्य माध्यम उपयोग में लाने को कहा।



आयोग अध्यक्ष के साथ प्रशासनिक अधिकारी।

हरिभूमि
पाठकों के लिए माह अप्रैल 2026 का बिल निम्नानुसार है

| विवरण | दर | राशि |
| --- | --- | --- |
| 10 दिन | 4.00 | 40.00 |
| 20 दिन | 5.00 | 100.00 |
| 30 दिन, | कुल योग= | 140.00 |

कृपया पाठकगण माह अप्रैल 2026 के बिल का भुगतान उपरोक्तानुसार अपने एजेण्ट बंधु को 5 मई 2026 तक जमा करें।
प्रसार प्रबंधक
हरिभूमि
गौरव पथ रिंग रोड नं. 2 बिलासपुर

online Booking:-www.tripuryatra.com

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
स्पेशल ट्रेन से - 19 दिसम्बर से 29 दिसम्बर 2026 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
19 मई, 02 जून, 28 जुलाई, 11 अगस्त, 08 सितम्बर, 29 सितम्बर 2026 (10 दिन)
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी, त्रिवेन्द्रम (पद्मनाभ स्वामी)
नोट:- स्पेशल ट्रेन में त्रिवेंद्रम पद्मनाभ स्वामी नहीं रहेगा।
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411